**Regarding RCS category to Satna Airport to enable 19 seater air flight along with other facilities**

**श्री गणेश सिंह (सतना):** महोदया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

सतना एयरपोर्ट का उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 31 मई 2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया था । तब से सतना एयरपोर्ट पर नॉन शेड्यूल्ड फ्लाइट्स एवं मेडिकल फ्लाइट्स का सुचारू रूप से संचालन हो रहा है । सतना एयरपोर्ट पर यात्रियों एवं उड़ानों के सुगम आवागमन से संबंधित सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं । उद्घाटन के उपरांत से ही सतना एयरपोर्ट से प्रदेश और देश के कई शहरों को जोड़ने की मांग सतना की जनता से आने लगी है, लेकिन आरसीएस एयरपोर्ट की श्रेणी में वर्गीकृत न होने के कारण राज्य सरकार से अंतरदेशीय कनेक्टिविटी में जिन कंपनियों ने एमओयू कर रखा है, उनका कहना है कि सतना से भोपाल, इन्दौर और प्रदेश के बाहर 19 सीटर विमान तभी चला पायेंगे जब आरसीएस एयरपोर्ट की श्रेणी में वर्गीकृत करके एयरलाइंस को आरसीएस रूट में अनुबंधित किया जायेगा ।

मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि सतना एयरपोर्ट से 19 सीटर विमान चलाने हेतु सतना हवाई अड्डे को आरसीएस एयरपोर्ट की श्रेणी में वर्गीकृत कर एयरलाइंस को आरसीएस रूट से अनुबंधित किये जाने हेतु स्वीकृति देने की कृपा करें । साथ ही सतना एयरपोर्ट की लंबाई बढ़ायी जाए और नाइट लैंडिंग की सुविधा दी जाए ।

माननीय मंत्री जी यहां पर बैठे हैं, मैं चाहूंगा कि वे इस पर रेस्पांड कर दें ।

माननीय सभापति**:** माननीय सदस्य श्री रविन्द्र चव्हाण जी ।